मतदान केन्द्र की व्यवस्था दुरूस्त हो-आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर/लोकसभा निर्वाचन 2024 में नागरिक सुविधाजनक रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके इस हेतु नगर पालिक निगम के सीमा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाईनगर एवं 66 वैशालीनगर के 425 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने आयुक्त ने निर्देश दिए।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोनवार बैठक लेकर विकास कार्यो तथा लंबित आवेदनो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भिलाईनगर विधानसभा के 169 तथा वैशालीनगर विधानसभा के 256 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था पानी, बिजली, सफाई,शौचालय की जाँच कर लेवें । मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाता के लिए बनाये गये रैम्प तथा रेलिंग सही हो निर्धारित मापदंड के अनुरूप बना हो। वरिष्ठ मतदाता के लिए छाँव तथा बैठने की व्यवस्था हो । आयुक्त ने कहा कि मतदान दल के लिए पंखा , कुलर,प्रकाश तथा पीने व निस्तारी पानी की पर्याप्त व्यवस्था केन्द्रों में रहे यह सुनिश्चित कर रखेंगे। सभी केन्द्र प्रभारी भ्रमण कर अपना रिपोर्ट देंगे।

आयुक्त श्री ध्रुव समीक्षा बैठक की नवीन व्यवस्था के तहत जोन कार्यालय में स्वयं उपस्थित रह कर प्रत्येक जोन के कार्यों का अलग अलग समीक्षा कर रहे है। बैठक में जोन आयुक्त , अधीक्षण अभियंता,भवन अधिकारी, सहायक अभियंता, उपअभियंता,जोन स्वास्थ अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी सहित जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।